Book Ad Any category of Classified and get
**Special Discount**
Times of India/ Hindustan Times/ Dainik Jagran / Amar Ujala/ Navbharat Times Hindustan Hindi
**Discount Code TBC10**
Contact:
**Kunika Advertising**
Plot no- 516. Sector-12, Friends Co-operative Society, Vasundhara, Ghaziabad
**Mo. 8130640000**

**Year**-15 **Issue**- 25
Ghaziabad, Sunday, 12 November- 2023
19 November to 25 November- 2023
**Page:** 8

**RNI.No:** UPBIL/2009/28691
**DAVP Code:** 101473
**Editor:** Dheeraj Kumar
**Mob.:** 9871895198

# TIRUPATI BALAJI CHRONICLE

Hindi/English {Bi-Lingual} Weekly Ghaziabad
डीएवीपी एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
www.tbcgzb.com
Email: editor@tbam.co.in

# प्रगति के पथ पर तेजी से दौड़ रहा है यूपी: सीएम योगी आदित्यनाथ

## बीमारू राज्य नहीं, आज रेवेन्यू सरप्लस स्टेट बन चुका है उत्तर प्रदेश

**टीबीसी नेटवर्क**

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को नई दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित 42वें इंडियन इंटरनेशनल ट्रेड फेयर-2023 में पहुंचकर प्रदेश के कारीगरों द्वारा लगाये गये स्टॉलों का अवलोकन किया। साथ ही शिल्पकारों और एग्जिबिटर्स का उत्साहवर्धन किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यहां उत्तर प्रदेश मंडप का उद्घाटन किया। उन्होंने व्यापार मेले में उत्तर प्रदेश पवेलियन के ओडीओपी मार्ट में हस्त निर्मित उत्पादों के विभिन्न स्टॉल्स का अवलोकन किया और कारीगरों एवं हस्तशिल्पियों से संवाद किया। उत्तर प्रदेश पवेलियन में प्रदेश के सभी जनपदों के ओडीओपी उत्पादों को प्रदर्शित किया गया है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश ने इंटरनेशनल ट्रेड फेयर के जरिए पिछले पांच-छह वर्षों में बहुत अच्छा कार्य किया है। प्रगति के पथ पर उत्तर प्रदेश तेजी से दौड़ रहा है ऐसी उम्मीद है कि लगातार दूसरे वर्ष भी यूपी के खाते में गोल्डेन ट्रॉफी आ सकती है। सीएम योगी ने बताया कि प्रधानमंत्री के विजन वोकल फॉर लोकल में यूपी का ओडीओपी पूरे प्रदेश को एक्सपोर्ट हब के रूप में स्थापित कर रहा है।

इससे लाखों नौजवानों के लिए नौकरी और रोजगार के द्वार खुले हैं। सीएम योगी ने बताया कि ट्रेड फेयर में मौजूद यूपी पॉवेलियन में ओडीओपी के साथ-साथ नये भारत के नये उत्तर प्रदश में इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के लिए क्या हो रहा है, उसे भी शोकेस करने का प्रयास हुआ है। साथ ही विभिन्न डेवलपमेंट अथॉरिटी के द्वारा यूपी का कैसे कायाकल्प किया गया है, इसे भी ट्रेड फेयर के माध्यम से प्रस्तुत करने का प्रयास हुआ है। यूपी में पिछले 6 वर्ष में बिमारू राज्य से उबरने में सफलता प्राप्त की है। आज रेवेन्यू सरप्लस स्टेट के रूप में इसकी पहचान हो रही है। यूपी में औद्योगिकीकरण के लिए एक नया माहौल बना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश कारीगरी के लिए बहुत मशहूर है। प्रदेश में 96 लाख एमएसएमई का बड़ा क्लस्टर क्रियाशील है। उन्होंने बताया कि कुछ समय पहले ही उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का आयोजन हुआ था। तब वहां 70 हजार से भी अधिक देसी-विदेशी खरीददार आए थे। ओडीओपी के माध्यम से प्रत्येक जिले की पहचान वाले उत्पाद को अंतरराष्ट्रीय मार्केट में निर्यात किए जाने पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। आज उत्तर प्रदेश का एक्सपोर्ट 86 करोड़ से बढ़कर 1.74 लाख करोड़ हो गया है, जोकि तीन गुना है।

# डीपफेक पर मोदी सरकार हुई सख्त, आईटी मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों को किया सावधान

**टीबीसी नेटवर्क**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्मों को चेतावनी दी कि सूचना और प्रौद्योगिकी अधिनियम में 'सुरक्षित बंदरगाह' खंड के तहत उन्हें जो छूट प्राप्त है, वह लागू नहीं होगी यदि वे डीपफेक को हटाने के लिए कदम नहीं उठाते हैं। धारा के अनुसार, किसी ऑनलाइन प्लेटफॉर्म को उपयोगकताओं द्वारा उस पर पोस्ट की गई सामग्री के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने हाल ही में सभी बड़े सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को नोटिस जारी किया है और उनसे डीपफेक की पहचान करने और सामग्री को हटाने के लिए कदम उठाने को कहा है। उन्होंने कहा कि प्लेटफार्मों ने प्रतिक्रिया दी और वे कार्रवाई कर रहे हैं।



उन्होंने कहा कि लेकिन हमने उन्हें इस काम में और अधिक आक्रामक होने के लिए कहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि डीपफेक सबसे बड़े खतरों में से एक है जिसका भारतीय प्रणाली इस समय सामना कर रही है और इसमें समाज में अराजकता पैदा करने की क्षमता है। हाल ही में काजोल, कैटरीना कैफ और रश्मिका मंदाना समेत कई बॉलीवुड कलाकार डीपफेक वीडियो का निशाना बने। डीपफेक तकनीक उपयोगकताओं को मशीन लर्निंग और कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग करके किसी छवि या वीडियो को संशोधित करने की अनुमति देती है। यह तकनीक वीडियो या ऑडियो रिकॉर्डिंग में किसी व्यक्ति की उपस्थिति और आवाज में हेरफेर कर सकती है, जिससे प्रामाणिक और हेरफेर की गई सामग्री के बीच अंतर करना चुनौतीपूर्ण हो जाता है।

# छठ पूजा के कारण रविवार को यातायात के लिए मार्ग परिवर्तित

**टीबीसी नेटवर्क**

**नई दिल्ली।** छठ पूजा के मद्देनजर यहां महामाया फ्लाईओवर से सरिता विहार होकर दिल्ली की ओर जाने वाले कालिंदी कुंज मार्ग और हरनंदी पुल कुलेसरा पर रविवार अपराह्न तीन बजे से यातायात मार्ग परिवर्तन किया जाएगा। यह जानकारी पुलिस के एक अधिकारी ने दी। पुलिस उपायुक्त (यातायात) अनिल कुमार यादव ने बताया कि ग्रेटर नोएडा से आने वाले भारी वाहनों का चरखा गोल चक्कर से मार्ग परिवर्तन कर दिया जाएगा, ये वाहन डीएनडी और चिल्ला होकर दिल्ली की ओर जा सकेंगे। उन्होंने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर हल्के वाहनों के लिए भी ऐसी व्यवस्था लागू की जाएगी।



उन्होंने कहा कि वहीं महामाया फ्लाईओवर की तरफ से आने वाले भारी वाहनों को गौशाला गोल चक्कर से चरखा गोल चक्कर की ओर मोड़ा जा सकता है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा हरनंदी कुलेसरा पर सूरजपुर की ओर से फेज-दो की ओर जाने वाले भारी वाहनों को कच्ची सड़क तिराहा से किसान चौक की और मोड़ा जाएगा।



# Editorial

## Pulses and bread are expensive

Recently the rates of Consumer Price Index, Core Inflation, Wholesale Price Index have been announced. On average, the inflation rate is lower than the target rate, so the Indian government can boast that it has kept inflation under control, but the reality is something else. In simple and easy words, 'food inflation' is still high for the common man. Inflation is still very high. Of course, in the language of economics, the Consumer Price Index makes it clear that the annual retail inflation in October is 4.87 percent. It was 7.44 percent in July, due to which it has been continuously decreasing. Core inflation has been reported at 4.28 percent, but it does not include rising prices of food and fuel. It has been told that this rate has been the lowest in 43 months. The wholesale price index was down by minus 0.52 percent. It is being claimed that food inflation came down to 2.53 percent in October. This inflation in the month of September was 3.35 percent. Inflation based on the Wholesale Price Index has been continuously below zero since April, in that sense there is continuous news of relief on the inflation front, but Reserve Bank of India (RBI) Governor Shaktikanta Das considers it a 'very sensitive situation'. In fact, the prices of food items have been the fundamental problem and they define inflation. Some tough and sticky factors related to food inflation are worrying the Modi government and the RBI ahead of the 2024 general elections. In fact, the retail inflation of dal-roti i.e. grains and pulses is around 10.65 percent.It has been in double digits for the last 14 months, till September 2022. Pulses have also become expensive by double the rate for the last five months. Their current inflation is 18.79 percent, which has been the highest since August 2016. This may be directly related to monsoon. Food inflation, estimated at 6.61 per cent, is higher than the general consumer price index. Along with food, there are also vegetables, lack of seasonal supply of which troubles the common citizen again and again. As a result, in July-August, tomatoes were sold at Rs 200 per kg and nowadays onions are being sold at Rs 70-80 per kg. If we look at our daily plate, grains, pulses, vegetables etc.

Dr. Dheeraj Kumar Bhargava

# Host J&K emerges runners-up as Rajasthan becomes U-14 NSG Judo Champion



**Jammu.** Host Jammu and Kashmir emerged runners-up by clinching six medals with five silver and one bronze while Rajasthan emerged as the Champion and Haryana claimed the third place in the 67th National School Games Judo U-14 boys and girls, which concluded here at Gymnasium Hall, University of Jammu on Saturday.

Director Youth Services and Sports, Subash Chander Chibber presided over the medal ceremony, while FA &CAO YSS/TE, Yasir Sharief was the chief guest on the occasion. The dignitaries were accompanied by a galaxy of officers of the Department of Youth Services and Sports.

The budding Judokas drawn from across 30 States/UTs/ Units of the country showed stellar in showcasing their Judo skills. On Saturday in Under-14 boys -50 kg category, J&K's Rashid Hilal Beigh clinched silver medal as he lost to Ramavath Tharun of Telangana in the final bout, who bagged gold medal in this category. The bronze medal went to Abhay Yadav of Maharashtra and Ashwin A of Tamil Nadu.

In girls Under-14 -44 kg, Anjum Akthar of Jammu and Kashmir won silver, while the gold medal was bagged by Khuventhem Monica Devi of Manipur. The bronze went to Ayush S of Uttar Pradesh and Daksha Naik of Maharashtra. J&K's Aisha Hassan along with Rinku Gurgur of Rajasthan claimed bronze medal in U-14 girls -44 kg category. Taniya Das of Tripura won gold and Charanjot Kour of Chandigarh claimed Silver.

On Friday, in boys U-14 -40 kg, Garv Tokas of Delhi bagged gold, while Sheikh Mohammad Shraim of Jammu and Kashmir won silver medal. Jatin Kashyap of Uttar Pradesh and Varneet Singh of Punjab claimed bronze medals in this category.

In boys U-14 -35 kg, Shivam of Uttar Pradesh bagged gold, while Soumya Sain of Rajasthan clinched silver. The bronze medal in this category went to Kartik of Uttarakhand and Isan of Chhattisgarh. In boys Under-14 -45 kg, Satish Dangi of Rajasthan clinched gold, Krishan Kumar Mal of Vidhya Bharti bagged silver and the bronze medal went to Yash of Haryana and Sachin of Chandigarh.

Though, all the committees framed for smooth conduct of 67th National School Games in the discipline of Judo U-14 boys and girls did a great job in making the event a grand success, yet the Coaches of J&K team headed by the Chief Coach- Varinder Sharma and other Coaches including Raman Sharma, Rajive Kumar, Sanjay Khajuria and Rohit Sadhotra did an excellent job with J&K team and also in facilitating the participating players and the officials at the venue. They worked day-in and day-out for making the event a grand success.

The efforts of technical officials from Jammu and Kashmir Sports Council namely Suraj Bhan Singh, Arshi Nad and Ritika Slathia were also worth appreciation during the competitions.

# India, Australia ready to script haunting chapter at finals

**Ahmedaba.** Come tomorrow, two things will be a guarantee. Should India lay claim to the World Cup, the joy will be deafening as will be the silence if Australia poop's the host's party. And, no other team might be better equipped to disappoint the Indian fans, considering the number of trophies in their cabinet assembled over the period of time. The glimpse of which was there to see during their narrow semifinal victory over South Africa at the iconic Eden Gardens on Thursday.

But several hours before Prime Minister Narendra Modi presents the coveted trophy to one of the winning captains, the skies above the stadium named after him will witness an aerobatic display to showcase India's soft power ahead of general elections, where he is seeking re-election next year.

As professionals, none of this will disturb Team India's winning-spree in this World Cup as they have won all their 10 matches leading up to the finals.There have been great scripts over the last few weeks - the giant-killing instincts of Afghanistan and Netherlands, the fall of England, Virat Kohli's 50th ODI century, and Angelo Mathews' timed-out dismissal



among others. These fascinating storylines will not fade away, but one debate is fast fading away is the future of ODI cricket. For sure, looking at the fans thronging to the stadium in huge numbers, the cricket experts and ICC officials will not give the ODI format a ditch. For fans, these issues hardly bothers them, but what bothers them the most is that India is just a game away from lifting the coveted cup, which many believe it is theirs. Kapil Dev and Mahindra Singh Dhoni had done previously, and they will be here tomorrow to witness Rohit joining the elite club if India play to their potential. India captain himself has given a rollicking start, while Virat has amassed 711 runs at an average of 100 plus, a World Cup record to cherish.

He has been the bedrock for India in this event, and is a symbol of New India, which is assertive and non-servile.

He has passed 8 fifties in his last 10 innings, and he would not like to let down his staunchest of fans tomorrow. India's spinners, Ravindra Jadeja and Kuldeep Yadav have been on song, but it is Mohammad Shami who has hogged all the headlines. In only six games, he has a haul of 23 wickets including a record seven-for in the semifinals against New Zealand at the Wankhede.

Australia's chances may rest on a day-off for all these Indian stars, and yet they realise that they are a unit closest enough to beat India in 2003 World Cup finals. However, they know the margin of error is very thin and plugging that will be their only chance to break billions of hearts, and script an haunting chapter.

# Startups have a key role in India's journey to become 3rd largest economy: CEA

**Thiruvananthapuram.** Startups play a paramount role in India achieving its ambitious developmental aspirations and becoming the third largest economy in a few years, said Dr V Anantha Nageswaran, Chief Economic Advisor to Government of India.




Delivering the Leadership Talk at the Huddle Global 2023 of Kerala Startup Mission (KSUM) here on Saturday before the three-day flagship event drew to a close, Dr. Anantha Nageswaran also said tier-2 and tier-3 cities of the country including Kerala capital are emerging as startup powerhouses leveraging the improvement in infrastructure and government's supportive policies. "As all of you know very well we are the fifth largest economy on course to becoming the third largest economy in a few years. I will say 7-in-7 is the buzz slogan, that is 7 trillion USD economy in seven years. Seven trillion USD economy size by 2030 is possible if India maintains its present growth trajectory, and in that journey, startup entrepreneurs are going to play an important role", Dr Anantha Nageswaran said. He also noted that Kerala's startup journey has been an inspiring one with KSUM catalysing its establishment in 2006 to promote change that propelled the state into the forefront of the global startup arena. The active participation of startups in India in developing business models on the foundation of expanding physical and digital infrastructure will continue to generate efficiency, revenue, and economic returns for the country, he said. "The culture of entrepreneurship and innovation is one pandemic that India would like to experience continuously. It must spread," Dr Anantha Nageswaran said. "The last decade has seen an exceptional transformation in the startup landscape in India, which has emerged as the third largest ecosystem globally, with over 1.12 lakh startups presently recognized by the Department for Promotion of Industry and Internal Trade (DPIIT) across 763 districts. Among them, more than 110 are unicorns with a total valuation of around USD 350 billion", he said.

## संक्षिप्त समाचार

### पराली जलाने पर दो किसानों के गन्ना बॉन्ड किए बंद

मोदीनगर। पर्यावरण की चिंता किए बिना पराली (गन्ने की पत्ती) जलाने पर गन्ना विभाग ने दो किसानों पर कार्रवाई करते हुए उनका गन्ना बॉन्ड बंद कर दिया। बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए प्रशासन ने पराली जलाने पर प्रतिबंध लगाया हुआ है। जिला गन्ना अधिकारी प्रदीप तेवतिया ने बताया कि मोदीनगर तहसील क्षेत्र के गांव मोहम्मदपुर कदीम और गांव शहजादपुर में किसानों द्वारा खेतों में पराली (गन्ने की पत्ती) जलाने की सूचना मिली। विभाग ने गन्ना पर्यवेक्षक को मौके पर भेजकर मामले की जा कराई तो पराली जलाने की पुष्टि हो गई। विभाग ने प्रतिबंध के बावजूद पराली जलाने वाले किसान दुष्यंत व राजेश पर कार्रवाई करते हुए उनका गन्ना बॉन्ड बंद कर दिया। बतादें कि गन्ने का नवीन पेराई सत्र शुरू होने के बाद कुछ किसान गन्ना काटने के बाद पराली (गन्ने की पत्ती) खेत में ही जला रहें है। डीएसीओ ने किसानों से अपील की है कि वह पराली (गन्ने की पत्ती) न जलाएं। कहा कि अगर कोई किसान पराली जलाते हुए पाया गया तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### सरकारी अस्पतालों का नहीं हुआ रजिस्ट्रेशन, शासन ने जताई नाराजगी

गाजियाबाद। प्राइवेट अस्पतालों के पंजीकरण तो दूर की बात, सरकारी अस्पतालों का भी पंजीकरण नहीं हुआ है। स्वास्थ्य महानिदेशक ने पत्र भेजकर जल्द सभी सरकारी अस्पतालों का निरीक्षण करने और रजिस्ट्रेशन कराने का निर्देश दिया है। शासन स्तर पर हुए ऑडिट में इस बात का खुलासा होने पर कड़ी आपत्ति जताते हुए सरकारी अस्पतालों के नवीनीकरण और पंजीकरण के निर्देश दिए हैं। उत्तर प्रदेश सरकार के क्लीनिकल स्टेब्लिशमेंट पोर्टल पर सभी चिकित्सा इकाइयों का पंजीकरण कराना अनिवार्य है। इनमें सभी सरकारी और निजी अस्पताल शामिल हैं। प्रदेश के प्रधान महालेखाकार के ऑडिट में खुलासा हुआ कि जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और संयुक्त अस्पताल के पंजीकरण पोर्टल पर नहीं किए गए हैं। इस पर प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण से प्रधान महालेखा ने आपत्ति जताते हुए टिप्पणी की है। चिकित्सा स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. दीपा त्यागी ने सभी चिकित्सा अधीक्षक और मुख्य चिकित्सा अधिकारी को पत्र भेज कर पोर्टल पर पंजीकरण न किए जाने पर ऐतराज जताया है। उन्होंने सभी राज्य के चिकित्सा इकाइयों को पोर्टल पर पंजीकरण करने के निर्देश दिया है। सीएमओ डॉ. भवतोष शंखधार का कहना है कि सभी सरकारी अस्पताल और स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारियों को पंजीकरण कराने के लिए पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण कराने के निर्देश दिए हैं। जल्द ही सभी स्वास्थ्य केंद्रों का नवीनीकरण और पंजीकरण हो जाएगा।

### फर्जी बीईई रेटिंग के साथ एसी सप्लाई करके 64.82 लाख की धोखाधड़ी

गाजियाबाद। नामी कंपनी की डिस्ट्रीब्यूटरशिप लेने के बाद फर्जी बीईई (ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएंसी) रेटिंग के साथ एसी भेजने का मामला सामने आया है। मामले में कारोबारी अभिनव गोयल ने कोर्ट के आदेश पर अमित कुमार अग्रवाल, उषा अग्रवाल और आर्यन अग्रवाल के खिलाफ कविनगर थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। अभिनव गोयल ने बताया कि 2018 में उन्होंने कंपनी के एसी की डिस्ट्रीब्यूटरशिप के लिए अमित कुमार अग्रवाल से संपर्क करके एग्रीमेंट किया था। तीन साल के एग्रीमेंट में उन्हें बीईई रेटिंग वाले एसी दिए जाने थे। उन्होंने इसके लिए 64.82 लाख रुपये दिए। आरोप है कि उन्हें जो एसी दिए गए वह बीईई के तहत रजिस्टर्ड नहीं थे और तय मानकों के अनुसार भी नहीं थे। इस बारे में जानकारी हुई तो उन्होंने अमित, उसकी पत्नी और बेटे से संपर्क किया तो उन्होंने एसी वापस मंगवा लिए और बीईई लेबल नहीं होने की बात भी मानी। इसके बाद उन्होंने रुपये वापस मांगे तो जान से मारने की धमकी देने लगे। आरोप है कि पुलिस से शिकायत के बाद कार्रवाई नहीं हुई तो उन्होंने कोर्ट का सहारा लिया। एसीपी कविनगर अभिषेक श्रीवास्तव का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

### सिर पर वार कर की महिला की हत्या, फुट ओवर ब्रिज पर फेंका

गाजियाबाद। विजयनगर क्षेत्र में चिपियाना रेलवे फुटओवर ब्रिज पर शुक्रवार को एक महिला का शव मिला। भारी वस्तु से वारकर महिला की हत्या की गई है। आशंका है कि शव यहां लाकर फेंका गया है। शव मिलने की सूचना पर पुलिस दौड़ी। जांच में महिला के पास से आपत्तिजनक वस्तुएं मिली हैं। महिला की शिनाख्त नहीं हो सकी है। एसीपी कोतवाली निमिष पाटिल ने बताया कि शुक्रवार सुबह एनएच-9 के किनारे कार्बन फैक्टरी के सामने चिपियाना रेलवे फुट ओवर ब्रिज पर एक महिला का शव पड़ा होने की सूचना मिली। जांच में शव करीब 24 घंटे पुराना प्रतीत हुआ। महिला की उम्र करीब 35 साल प्रतीत हो रही है, उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है। महिला के सिर में चोट का निशान मिले हैं। साथ ही महिला के कपड़ों से कुछ आपत्तिजनक वस्तुएं भी मिली हैं। ऐसे में अंदेशा है कि या तो महिला के साथ दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या की गई है या फिर सौदेबाजी कर महिला को लाया गया और फिर रुपये के लेनदेन में हुए विवाद में उसकी हत्या की गई। एसीपी का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट होने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। महिला का शव कपड़े से ढका था। पुल पर लोग पैदल गुजरते हैं, ऐसे में राहगीरों की नजर से बचाने के लिए आरोपी ने शव को कपड़े से ढक दिया था। देखने में ऐसा प्रतीत हो रहा था जैसे कोई व्यक्ति वहां सोया है, इसी कारण किसी की उस पर नजर नहीं पड़ी।

### 11वीं के छात्र ने छह साल की मासूम से किया दुष्कर्म

साहिबाबाद। कोतवाली क्षेत्र की एक कालोनी में 11वीं के छात्र ने छह साल की मासूस से दुष्कर्म कर दिया। मां की शिकायत पर पुलिस ने दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट का मुकदमा दर्ज कर किशोर को पकड़ लिया है। उसे पूछताछ के बाद बाल सुधार गृह भेज दिया है। मां ने शिकायत दी कि वह मजदूरी करके परिवार पालती है। बुधवार को वह काम करने गई थी। किराए के कमरे में छह साल की मासूम अकेली थी। उसे पड़ोस के छात्र ने घर बुलाया और गंदी हरकत की। इसके बारे में किसी काम नहीं बताने की धमकी दी। शाम को मां घर पहुंची तो बेटी ने रोते हुए बताया कि पड़ोस में रहने वाले एक भैया ने गंदी हरकत की है।

### खोड़ावासियों ने सर्विस रोड जाम कर किया प्रदर्शन

खोड़ा। खोड़ावासी गंगाजल की मांग को लेकर आईटीआई लोकप्रिय विहार एनएच 9 के पास सर्विस रोड पर आठ दिनों से धरने पर बैठे हुए हैं। बृहस्पतिवार को प्रदर्शनकारियों के रोड पर बैठने से खोड़ा सर्विस रोड पर जाम लग गया। कॉलोनी में लोगों ने पदयात्रा निकाली और धरनास्थल पर बैठ गए। धरनास्थल के पास जाम की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। सर्विस रोड से वैशाली, दिल्ली गाजीपुर, खोड़ा के अंदर आने-जाने वाले लोग परेशान हो गए। लोगों को एनएच-9 से दिल्ली के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ी। खोड़ा रेजिडेंटस एसोसिएशन के अध्यक्ष दीपक जोशी ने बताया कि खोड़ा के लोग पेयजल की मांग को लेकर लखनऊ तक पदयात्रा निकालेंगे। इस आंदोलन को 12 सभासद व क्षेत्र की सामाजिक संस्थाओं ने समर्थन दिया है। खोड़ा में पेयजल की बहुत अधिक समस्या है। लोग सबमर्सिबल का पानी प्रयोग करते हैं जो कि पानी पीने योग्य नहीं है। लोगों को प्रतिदिन पीने के लिए पानी बाजार से खरीदना पड़ता है। पानी के लिए टैंकर लगाए गए थे लेकिन उससे भी लोगों को पर्याप्त पानी नहीं मिल रहा था। नहर की सफाई के चलते वह टैंकर भी आने बंद हो गए हैं।

# अहंकार के नाश के प्रतीक गोवर्धन पूजा का आयोजन





**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** उदयांचल यदुवंश कल्याण समिति द्वारा ज्ञानपीठ केन्द्र 1, स्वरूप पार्क जी0टी0 रोड साहिबाबाद के प्रांगण में अहंकार के नाश के प्रतीक गोवर्धन पूजा का आयोजन किया गया, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोक शिक्षण अभियान ट्रस्ट के संस्थापक/अध्यक्ष शिक्षाविद राम दुलार यादव रहे, कार्यक्रम की अध्यक्षता उदयांचल यदुवंश कल्याण समिति के अध्यक्ष भानु प्रताप ने किया, संचालन संस्था के महासचिव कृष्णानन्द यादव ने किया, समाजवादी पार्टी के महानगराध्यक्ष वीरेन्द्र यादव एडवोकेट ने समारोह को संबोधित किया, दीपावली, गोवर्धन पूजा, भईया दूज की सभी भाई, बहनों को बधाई दी, समारोह में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया, कार्यक्रम में शामिल सभी ने तालियों की गड़गड़ाहट के बीच बच्चों का हौसला बढ़ाया, तथा प्रस्तुति की सराहना की, संस्था के संरक्षक एस0एस0 प्रसाद ने सभी का धन्यवाद किया, संगठन मंत्री धर्मेन्द्र यादव ने लोकगीत के माध्यम से समाज को संदेश दिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिक्षाविद राम दुलार यादव ने कहा कि इन्द्र देवता के अहंकार को चकनाचूर करने के लिए भगवान श्री कृष्ण ने गोवर्धन की पूजा, अर्चना की, आज भी फासिस्ट और विघटनकारी, विध्वंसक ताकतें समाज में अपना अधिपत्य कायम करने के लिए जातियों, धर्मों में नफरत का वातावरण बनाए हुए अहंकार में डूबे हुए है, मानव द्वारा मानव का शोषण, उंच-नीच का भेद, गरीब-अमीर के बीच बढ़ती खाईं को पाटने के लिए भगवान कृष्ण के कर्म योग के संदेश को अपनाना चाहिए तभी हम आत्म निर्भर हो सकते है, और अपने बच्चों को पूर्ण शिक्षित कर आत्म निर्भर बनाने में अपना अमूल्य योगदान दे सकते है।

राम दुलार यादव ने कहा कि 21वीं सदी जब विज्ञान का युग है, हम अंधकार, भ्रम और पाखंड के शिकार है, हजारों साल से झूठ और पाखंड को फैलाने वाली ताकतें सक्रिय है, वह मानसिक गुलाम बनाए हुई है, मै आप लोगों को बताना चाहता हूँ कि कोई भगवान, देवता आपका भला नहीं कर सकता, आपका भला सत्य, ईमानदारी, नैतिकता से पूर्ण अपने बच्चों को शिक्षित कर हो सकता है, पाखंड, भ्रम, अंधविश्वास, जातिवाद, धार्मिक उन्माद ने मानवता को बहुत ही नुकसान पहुंचाया है, मानव शिक्षित हो तर्क की कसौटी पर कसकर यदि किसी बात को जब मानेगा, तभी उसका कल्याण हो सकता है, भगवान बुद्ध ने भी यही कहा है कि चाहे कोई भी, मै भी यदि कोई बात कहता हूँ तो उस पर विचार करो, यदि वह मानवता या आप का हित कर रही है तो मानो नहीं तो मत मानो, पाखंड और तीर्थ स्नान के विरुद्ध सन्त कबीर ने कहा है कि गंगा नहाये यदि कोई नर तरी गयो, तब मछली क्यों न तरी, जिसका गंगा जी में घरे स्वर्ग, नर्क, झूठ है।

कार्यक्रम में शामिल हो पूजा, अर्चना की, प्रमुख रहे, अजीत यादव, देवमन यादव, महेन्द्र यादव, उमेश यादव, कृष्णा यादव, अर्जुन सिंह, परमानंद, मुनीव यादव, विश्वनाथ यादव, राजेन्द्र, शीश राम, यदुनाथ यादव, राम प्रवेश यादव, अमित यादव आदि। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले बच्चों में प्रमुख रहे, स्वीटी, आयुष, प्रांजल यादव, रुचि यादव, अनमोल, चिराग, ब्यूटी यादव, शालू यादव, आराध्या, विक्की, अनन्या, आर्यमन, कृष्णा, रितिक यादव, रेशु यादव, वैष्णवी, सोनम, दिव्या ने समारोह में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सभी का मन मोह लिया।

# गोवर्धन पर्व पर निगम अधिकारियों ने गोवंशों का किया पूजन

**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने निगम अधिकारियों को गोवर्धन पर्व पर गोवंशों की विशेष पूजन के निर्देश दिए जिसके क्रम में अधिकारियों ने नंदी पार्क गौशाला में गोवर्धन पूजन किया तथा गोवंशों को अपने हाथ से गुड़ खिलाया, पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी आशीष त्रिपाठी द्वारा गौशाला में गोवर्धन बनवाकर उनका पूजन किया तथा बेहतर सफाई व्यवस्था भी कराई गई।

उप मुख्य पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी डॉ अनुज कुमार सिंह द्वारा बताया गया कि नगर आयुक्त महोदय की निर्देश अनुसार प्रतिदिन गौशाला में गोवंसो हेतु बेहतर सफाई व्यवस्था कराई जाती है तथा समय-समय पर डॉक्टरों की टीम भी पशुओं के उपचार के लिए भेजी जाती है गाजियाबाद नगर निगम द्वारा गोवंशों का विशेष ध्यान रखा जा रहा है, गौशाला में दीपावली भी मनाई गई तथा गोवर्धन पर गोवंशों का पूजन कर उनको गुड और लड्डू





खिलाए गए। महापौर सुनीता दयाल तथा नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में गोवंशों की व्यवस्था पर बेहतर ध्यान दिया जा रहा है निगम अधिकारी गोवंशों के रहने वाले स्थान पर विशेष रूप से सफाई का ध्यान दे रहे हैं इसी के साथ-साथ बाहर से आने वाले पशुओं को भी गौशाला में स्थान दिया जा रहा है तथा उनका विशेष ध्यान रखा जा रहा है।

# विश्व ब्रह्मर्षि ब्राह्मण महासभा ने काशी हिंदू विश्वविद्यालय के प्रणेता महामना पं. मदन मोहन मालवीय जी को किया नमन

**गाजियाबाद।** अवंतिका विश्व ब्रह्मर्षि ब्राह्मण महासभा के तत्वाधान में काशी हिंदू विश्वविद्यालय के प्रणेता और संस्थापक महामना पं. मदन मोहन मालवीय की पुण्यतिथि पर विश्व ब्रह्मर्षि ब्राह्मण महासभा ने उनको नमन कर उनके योगदान को याद किया। इस अवसर पर महासभा के संस्थापक /राष्ट्रीय अध्यक्ष ब्रह्मऋषि विभूति बी के शर्मा हनुमान ने बताया कि पं. महामना मदन मोहन मालवीय का जन्म 25 दिसम्बर 1861 को हुआ था वहीं 12 नवंबर 1946 को देहावसान हुआ था। काशी हिंदू विश्वविद्यालय के वह प्रणेता तो थे ही साथ ही देश में शिक्षा के लिए सर्वविद्या की राजधानी काशी में ज्ञान का दीपक जलाने के लिए भी लोग उनको याद करते हैं। भारत के पहले और अन्तिम व्यक्ति के तौर पर भी लोग उन्हें याद



करते हैं जिनको महामना की सम्मानजनक उपाधि दी गई।पत्रकारिता के साथ ही वकालत और समाज सुधार व शिक्षा के साथ ही देश की सेवा में अपना जीवन बिताने वाले महामानव महामना ने काशी में जिस विश्वविद्यालय की स्थापना की उसकी परिकल्पना ऐसे विद्यार्थियों को शिक्षित करके देश सेवा के लिये तैयार करने की थी जो विश्व भर में भारत का गौरव गान कर सकें। महामना की यह उपलब्धि रही है कि बीएचयू से निकले तमाम छात्रों ने देश विदेश के शीर्ष संस्थानों में अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कराई है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में भू-गर्भ जल प्रबंधन परिषद की बैठक सम्पन्न

## औद्योगिक क्षेत्रों में बिना अनुमति के भू-जल दोहन करने वालों के खिलाफ होगी कड़ी कार्रवाई

टीबीसी संवाददाता



**गाजियाबाद।** जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के महात्मा गांधी सभागार में हुई जिला भूगर्भ जल प्रबंधन परिषद की बैठक आहूत की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने ग्राम भोवापुर में अवैध रूप से संचालित 08 आरओ प्लांट को सील करने के निर्देश जारी किए। उक्त आरओ प्लांट्स की शिकायत के बाद त्रिस्तरीय जांच समिति द्वारा जांच कराई गई थी, जांच के दौरान सभी आरओ प्लांट्स चलते पाए गए, शिकायत सही पाए जाने पर जिलाधिकारी ने सभी आठ आरओ प्लांट्स को तुरंत सील करने के निर्देश दिए।

माननीय राष्ट्रीय हरित अधिकरण, नई दिल्ली में पारित आदेश के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिये गये कि जनपद के औद्योगिक क्षेत्रों में बिना अनुमति प्राप्त किए अवैध रूप से भू-जल दोहन कर रहे फर्म/संस्थाओं के विरूद्ध सर्वेक्षण कर नियमानुसार दंडात्मक कार्यवाही की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि भू-जल दोहन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाए। बैठक में पोर्टल पर नोटीफाइड क्षेत्र के एनओसी निर्गमन/नवीनीकरण हेतु प्राप्त 06 आवेदन, एमएसएमई श्रेणी के 01 एनओसी आवेदन, एमएसएमई श्रेणी के 05 कूप पंजीकरण आवेदन, सहित कुल 12 आवेदनों पर विचार किया गया। जिनमें से 09 आवेदन स्वीकृत एवं 03 आवेदनों पर अस्वीकृत की कार्यवाही की गयी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, लघु सिंचाई के अधिशासी अभियंता व गाजियाबाद/ नोडलअधिकारी, ग्रा0वा0पोर्टल हरिओम, उपायुक्त उद्योग श्रीनाथ पासवान, जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकासकेन्द्र, गाजियाबाद, क्षेत्रीय पर्यावरण अधिकारी, उ0प्र0प्र0नि0बो0, गाजियाबाद विकासमिश्रा, अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई विभाग गाजियाबाद संजय सिंह, डिप्टी रेंजर वन विभाग संजय कुमार, जिला उद्यान अधिकारी कु0 निधि सिंह, सहायक अभियन्ता, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण देवेश कुमार गुप्ता, अवर अभियन्ता, नगर पालिका परिषद लोनी मनोज कुमार, अवर अभियन्ता नगर पंचायत स्मृति गुप्ता एवं विषय विशेषज्ञ नामित सदस्य आकाश वशिष्ठ द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत लोनी में 40 जोड़ों का विवाह सम्पन्न





टीबीसी संवाददाता

**गाजियाबाद।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत विकास खण्ड लोनी, परिसर जनपद गाज़ियाबाद में 40 जोड़ों का विवाह सम्पन्न कराया गया, जिसमें अनुसूचित जाति के 06, पिछड़ी जाति के 09, सामान्य वर्ग के 17 एवं अल्पसंख्यक वर्ग के 08 जोंड़ों का विवाह सम्पन्न हुआ है। वित्तीय वर्ष में अब तक कुल 40 जोड़ों का विवाह सम्पन्न हुआ है।

सम्पन्न हुए कार्यक्रम में विकास खण्ड लोनी में विधायक नन्द किशोर गुर्जर, व्लाक प्रमुख लोनी वंदना कोमल गुर्जर, खण्ड विकास अधिकारी लोनी राम उदरेज यादव व जिला समाज कल्याण अधिकारी अमर जीत सिंह द्वारा नव विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान किया गया साथ ही 35,000/- की धनराशि कन्या के बैंक खाते में एवं रू0 10,000/- की विवाह सामग्री एवं रू0 6,000/- खान-पान, टेन्ट आदि पर व्यय करते हुए कुल धनराशि रू0 51,000/- प्रति जोड़ा की दर से प्रदान की गई।

योजनान्तर्गत पर्याप्त धनावंटन उपलब्ध है, को दृष्टिगत रखते हुए स्थानीय जनप्रतिनिधियों से अपेक्षा की जाती है कि अधिक से अधिक पात्र इच्छुक व्यक्ति से आनलाइन आवेदन करा कर योजना से लाभान्वित कराने का कष्ट करें।

# सीडीओ अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में विकसित भारत संकल्प यात्रा की मीटिंग संपन्न

टीबीसी संवाददाता



**गाजियाबाद।** मुख्य विकास अधिकारी ने बैठक में सभी अधिकारियों को शासनादेश के अनुसार अवगत कराया की उ०प्र० शासन द्वारा दिनांक 10.11.2023 के अनुपालन में योजनाओं के संतृप्तीकरण के लि टीवीए आउटरीच गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने के लिए दिनांक 15.11.2023 से 26.01.2024 तक विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन कराया जाना है, के क्रम में आज दिनांक 16.11.2023 को मुख्य विकास अधिकारी महोदय की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय समिति की बैठक का आयोजन विकास भवन स्थिति दुर्गावती देवी सभागार, गाजियाबाद में किया गया।

मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा दिनांक 15.11.2023 से 26.01.2024 तक विकसित भारत संकल्प यात्रा में चयनित ग्राम पंचायतों में समस्त जनपदीय अधिकारियों/ डे नोडल अधिकारियों को कराये जाने वाले कार्यों के सम्बन्ध में अवगत कराया गया तथा समस्त योजनाओं की तैयारी समय से करने हेतु निर्देशित किया गया ताकि विकसित भारत संकल्प यात्रा का सफल आयोजन किया जा सके। कार्यक्रम के विकास खण्ड स्तर पर नोडल अधिकारी सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी होगे कार्यक्रम में ग्राम्य विकास विभाग एवं पंचायत विभाग ग्राम प्रधान समन्वय स्थापित कर कार्यक्रम का आयोजन करायेगे। जिसमें राजस्व विभाग, सहकारिता विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग अग्रणी जिला प्रबन्धक विभाग, कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पशुपालन विभाग, आपूर्ति एवं विपणन विभाग, नेहरू युवा केन्द्र विभाग अपना स्टॉल लगाते हुये जनमानस की समस्याओं का समाधान एवं विभाग से सम्बन्धित योजनाओं का प्रचार प्रसार करेंगे।

बैठक में जिला विकास अधिकारी, परियोजना अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, जिला चिकित्सा अधिकारी, जिला पंचायत अधिकारी, समाज कल्याण अधिकारी, कार्यक्रम अधिकारी, अर्थएवंसंख्या अधिकारी, सभी ब्लॉक स्तर के अधिकारी, खंड विकास अधिकारी, एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# कैशियर से 9.56 लाख की लूट में मास्टरमाइंड समेत तीन गिरफ्तार

**इंदिरापुरम।** कोतवाली पुलिस ने सात नवंबर को पेट्रोल पंप के कैशियर अजब शर्मा से हुई 9.56 लाख की लूट में मास्टरमाइंड अभिषेक उर्फ लैपर्ड समेत तीन लुटेरों को गिरफ्तार किया है। घटना में रेकी करने वाले दोनों सगे भाई हैं। पुलिस ने तीनों से 2.30 लाख रुपये, तमंचा और कारतूस बरामद किया है । घटना में अभी तक आठ लुटेरे गिरफ्तार हो चुके हैं। डीसीपी शुभम पटेल ने बताया कि मास्टरमाइंड अभिषेक उर्फ लैपर्ड और दो सगे भाई सागर व सूरज निवासी घूकना नंदग्राम को गिरफ्तार किया है। तीनों लोग एक दूसरे के पड़ोसी हैं। पूर्व में अभिषेक राजनगर के आरडीसी में पेट्रोल पंप पर तेल डालने का काम करता था। चार महीने पहले उसे मलिक ने रुपयों के विवाद में नौकरी से निकाल दिया था। उसकी मुलाकात राहुल निवासी हरबंशनगर से हुई थी। राहुल के टूर एंड ट्रैवल्स ऑफिस पर उसकी जान पहचान अमित पाल उर्फ मोनू से हुई थी। राहुल का काम पिछले दो महीने से खराब चल रहा था जिससे वह अमित को वेतन नहीं दे पा रहा था। नौकरी जाने के बाद अभिषेक भी परेशान था।

वहीं, सागर और सूरज दोनों इंदिरापुरम नीतिखंड में भारत पेट्रोल पंप पर सेल्समैन का काम करते हैं। सागर तीन महीने पहले दुष्कर्म के मामले में जेल गया था।

# छठ पर्व की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं को लेकर जिलाधिकारी ने ली बैठक, दिए निर्देश

टीबीसी संवाददाता



**गाजियाबाद।** छठ पर्व की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक ली और निर्देश दिए कि सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कर ली जाएं, श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न होने पाए। खासकर छठ घाटों पर प्रकाश की पूर्ण व्यवस्था कराई जाए, साथ ही बिजली आपूर्ति भी निर्बाध रूप से जारी रहे। बैठक में नगर निगम, विद्युत विभाग, ट्रैफिक विभाग, चिकित्सा विभाग, फायर विभाग के अधिकारियों ने बैठक में भाग लिया। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि छठ घाटों पर श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकाश की परेशानी न होने पाए। कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि पूर्वांचल के इस खास पर्व को सकुशल संपन्न कराने के लिए संबंधित विभागों के अधिकार अपने-अपने दायित्वों का तत्परता से निर्वाहन करते हुए अपनी तैयारियों को समय से पहले पूर्ण कर लें। जिलाधिकारी ने छठ पर्व के अवसर पर नगर निकायों में छठ घाटों पर की जा रही व्यवस्थाओं के बारे में एक एक कर अधिकारियों से जानकारी ली। छठ के अवसर पर साफ-सफाई, घाटों की बैरिकेडिंग, चेंजिंग रूम, पर्याप्त रोशनी, मेडिकल टीम,पेयजल, शौचालय, घाट की सीढ़ियों आदि के संबंध में किये जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी ली गई तथा महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि छठ घाटों पर पुरुष-महिलाओं के लिए चेंजिग रूम की व्यवस्था होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि छठ घाटों पर साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। कहीं भी कूड़ा-करकट नहीं रहना चाहिए। कूड़े-कचरा का निस्तारण भी सुनिश्वित कराया जाए। इस कार्य को योजनाबद्ध तरीके से अंजाम दिया जाना चाहिए। मच्छरों के प्रकोप को देखते हुए छठ घाटों पर एंटी लार्वा का छिड़काव कराया जाना सुनिश्चित कराया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि छठ घाटों पर चूंकि श्रद्धालुओं की संख्या अधिक होने का अनुमान है इसलिए असामाजिक तत्वों पर निगाह रखने के लिए समूचे क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था कराई जाए। छठ घाटों पर शौचालयों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। उन्होंने ट्रैफिक विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि छठ घाटों पर जाने के लिए श्रद्धालुओं को जाम जैसी समस्या का सामना न करना पड़े, इसलिए रूट डायवर्ट प्लान का कड़ाई से पालन कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि छठ घाट पर अस्थाई चिकित्सालय व एंबुलेंस की व्यवस्था कराना सुनिश्चित करें, साथ ही संयुक्त चिकित्सालय समेत आसपास के निजी अस्पतालों को भी इमरजेंसी पड़ने पर उनसे समन्वय बनाकर रखें। आग आदि की घटनाओं पर काबू पाने के लिए फायर ब्रिगेड की गाड़ी की व्यवस्था छठ घाटों पर कराया जाना सुनिश्चित करें।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, एडीएम प्रशासन रणविजय सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डाक्टर भवतोष शंखधर के अलावा नगर निगम, पावर कारपोरेशन, जल निगम, अग्निशमन, पुलिस विभाग, नगर पालिका, नगर पंचायत आदि विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# विश्व में पहली बार आरआरटीएस कनेक्ट ऐप पर मिलेगी अनोखी वन -टैप टिकट बुकिंग

## निर्बाध यात्रा अनुभव और सुविधा के लिए एनसीआरटीसी की पहल

**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** नमो भारत ट्रेनों में यात्रा को और भी सुविधाजनक बनाने के लिए एनसीआरटीसी द्वारा 'आरआरटीएस कनेक्ट' मोबाइल ऐप के माध्यम से 'वन-टैप टिकटिंग' की सुविधा मिल रही है। जो अपने तरीके की विश्व की पहली ऐसी सुविधा है। यह अपने आप में एक ऐसा अनोखा फीचर है, जो यात्रियों को आरआरटीएस स्टेशन परिसर के 300 मीटर के दायरे में कहीं से भी, केवल एक टैप से, आरआरटीएस कनेक्ट ऐप पर यात्रा के लिए क्यूआर कोड जनरेट करने की आजादी देगा।

इस फीचर की मदद से यात्री को अपने गंतव्य स्थान तक पहुंचने के लिए क्यूयार कोड जनरेट करने हेतु न ही तो ऐप में गंतव्य स्थान लिखने और न ही यात्रा के लिए एडवांस टिकट बुक करने की जरूरत है। सिर्फ ऐप में वन टैप बूकिंग पर क्लिक करते ही यात्रा के लिए क्यूआर टिकिट जेनेरेट हो जायगा। वर्तमान समय में लोगों के पास समय की कमी है और लोग इतने व्यस्त हैं कि उनका शेड्यूल कभी-कभी उन्हें पहले से यात्रा की योजना बनाने की अनुमति नहीं देता है। ऐसी परिस्थिति में निर्बाध और परेशानी मुक्त यात्रा अनुभव सुनिश्चित करने के एनसीआरटीसी के प्रयासों के अनुरूप, यह पहल यात्रियों को सहजता से यात्रा करने की सुविधा प्रदान करेगी और यात्रा के दौरान बिना किसी दुविधा के यात्री अपना गंतव्य स्थान भी बदल सकेंगे।

यह इनोवेटिव वन-टैप बुकिंग सुविधा यात्रियों के लिए टिकटिंग प्रक्रिया को तेज और सुविधाजनक बनाती है। इससे टिकट खरीदने की प्रक्रिया में डिजिटल क्यूआर कोड जेनेरेट करने हेतु ऐप में न ही प्रस्थान स्टेशन और न ही गंतव्य स्टेशन का चयन करने की आवश्यकता होगी। आम तौर पर, ऐसे किसी भी ऐप को यात्रा की शुरूआत में प्रस्थान और गंतव्य चयन की आवश्यकता होती है, जिससे यात्रा के दौरान गंतव्य स्थान नहीं बदला जा सकता।

इस नए जमाने की सुविधा का लाभ उठाने के लिए, यात्रियों को 'आरआरटीएस कनेक्ट' मोबाइल एप्लिकेशन डाउनलोड करना होगा और इसका लाभ उठाने के लिए कुछ सरल शर्तें सुनिश्चित करनी होंगी। यात्रियों को इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए अपने ई-वॉलेट को मोबाइल एप्लिकेशन से लिंक करना होगा और ई-वॉलेट में न्यूनतम राशि रखनी अनिवार्य होगी जो केवल 100 रुपए होगी।

इसके साथ ही यात्रियों को इस ऐप का उपयोग करते समय अपने मोबाइल फोन की लोकेशन सेवाओं को एक्टिव करना होगा, ताकि ऐप टिकट बुक करते समय ऐप यात्रा के लिए प्रयुक्त आरआरटीएस स्टेशन की लोकेशन को आसानी से पहचान सके। यह सेटअप एक बार की प्रक्रिया है जो भविष्य की सभी नमो भारत यात्राओं के लिए वन-टैप टिकट बुकिंग को सक्षम करेगा।

इस प्रक्रिया के पूर्ण होने के बाद, आरआरटीएस कनेक्ट मोबाइल एप्लिकेशन पर एक टैप के साथ क्यूआर कोड जनरेट हो जाएगा, जिसकी मदद से यात्री आरआरटीएस स्टेशन में क्यूआर कोड स्कैन करके प्रवेश कर सकेंगे और कॉरिडोर के किसी भी स्टेशन पर उसी क्यूआर कोड को स्कैन करके अपनी यात्रा समाप्त कर सकेंगे। क्यूआर कोड स्कैन के जरिए




यात्री द्वारा की गई यात्रा के लिए गंतव्य स्टेशन के एएफसी गेट से बाहर निकलते समय निर्धारित राशि ऑटोमैटिक रूप से ई-वॉलेट से कट जाएगी।

यात्रियों की सुविधा के लिए एनसीआरटीसी द्वारा विभिन्न तरीकों से टिकट खरीदने के विकल्प उपलब्ध करवाए गए हैं। जिनमें आरआरटीएस कनेक्ट एप्लिकेशन के माध्यम से 'वन-टैप' के जरिए डिजिटल क्यूआर कोड-आधारित टिकट या प्रस्थान-गंतव्य चयन आधारित टिकट, टिकट वेंडिंग मशीनों (टीवीएम) पर बैंक नोट्स और यूपीआई-इनेबल्ड टीवीएम के माध्यम से पेपर क्यूआर कोड-आधारित टिकट शामिल हैं। इसके साथ ही इन टीवीएम मशीनों में नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड (एनसीएमसी) को रिचार्ज करने की भी सुविधा उपलब्ध है। इसके अलावा यात्री आरआरटीएस कम्यूटर कार्ड भी खरीद सकते हैं।

भारत सरकार के 'एक राष्ट्र, एक कार्ड' दृष्टिकोण के अनुरूप, यह कम्यूटर कार्ड एक नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड (एनसीएमसी) है जो सभी पारगमन प्रणालियों में एक कार्ड के उपयोग की अनुमति देता है और कहीं भी कार्ड से भुगतान संभव है। आरआरटीएस प्रणाली यात्रियों को यात्रा के लिए संचालन के पहले दिन से किसी भी देश भर की किसी भी एनसीएमसी कार्ड का उपयोग करने की अनुमति प्रदान कर रही है। साहिबाबाद और दुहाई डिपो के बीच दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर का 17 किमी लंबा प्राथमिकता खंड अब लोगों के लिए संचालित हो चुका है। इस सेक्शन में पांच स्टेशन हैं, साहिबाबाद, गाजियाबाद, गुलधर, दुहाई और दुहाई डिपो। माननीय प्रधान मंत्री ने पिछले महीने 20 अक्टूबर को भारत की पहली नमो भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई थी और भारत के पहले आरआरटीएस कॉरिडोर का उद्घाटन किया था। दिल्ली से मेरठ तक 82 किमी लंबे सम्पूर्ण कॉरिडोर को जून 2025 तक संचालित करने का लक्ष्य है।

# श्री चैतन्या के छात्रों ने किया नासा परियोजना कार्यों का शानदार प्रदर्शन



**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** नासा और इसरो विद्यार्थियों की रुचि विज्ञान में बढ़ाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है इस कड़ी को आगे बढ़ते हुए श्री चैतन्या मोहन नगर में एक नासा परियोजना कार्य कर का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। छात्रों ने सामूहिक रूप से विभिन्न प्रकार के परियोजना कार्य तैयार किया जिसमें उनके अंदर सामूहिक एकता, वैज्ञानिक रुचि एवं आत्मविश्वास का विकास हुआ। यह कार्यक्रम एसवी रमन, सनम एवं प्रधानाचार्या उदया श्री के संरक्षण में हुआ। इस संपूर्ण कार्यक्रम के तहत छात्रों को प्रोत्साहित करने के लिए 18 नवंबर को विद्यालय प्रांगण में प्रधानाचार्या श्रीमती उदया श्री एवं मुख्य अतिथि मनीष जादू द्वारा नासा किट उपहार स्वरूप प्रदान की गई।

# कायस्थों ने कलम-दवात की पूजा कर की सुख-समृद्धि की कामना



**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** अखिल भारतीय चित्रगुप्त कायस्थ महासभा ने सेक्टर 11 प्रताप विहार स्थित प्राचीन शिव मंदिर (कुटी) में स्थापित श्री चित्रगुप्त मंदिर परिसर में अपना वार्षिकोत्सव मनाया। इस अवसर पर भगवान चित्रगुप्त पूजा महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। वार्षिकोत्सव में शामिल हुए तमाम कायस्थ बंधुओं ने कलम-दवात की पूजा कर भगवान चित्रगुप्त से सर्व समाज के लिए सुख-समृद्धि की कामना की। इसी के साथ चित्रगुप्त पूजा, हवन और महाआरती का अनुष्ठान संपन्न हुआ। चित्रगुप्त पूजा महोत्सव के मुख्य अतिथि देवरिया से आए सुरक्षा समाज पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष अशोक कुमार श्रीवास्तव ने जहां कायस्थों की एकता पर जोर दिया, वहीं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ पत्रकार जितेन्द्र बच्चन ने चित्रगुप्त पूजा की समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि चित्रगुप्त भगवान की आराधना से लोगों में पढ़ने-लिखने की अभिरूचि बढ़ती है। हर घर श्री चित्रगुप्त पूजा होनी चाहिए, इससे हमें ज्ञान की प्राप्ति होती है। समाज में शिक्षा का प्रकाश हो और भारत प्रगति के शिखर पर पहुंचे, यही हम कामना करते हैं। एबीसीकेएम के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार श्रीवास्तव ने सभी अतिथियों का स्वागत-सम्मान किया। उन्होंने बताया कि इस बार भगवान श्री चित्रगुप्त पूजा के यजमान गौरव श्रीवास्तव और उनकी पत्नी रजनी श्रीवास्तव रहे। लेखनी के जन्मदाता, कायस्थ वंश के कुलदेवता और ब्रह्माजी की काया से उत्पन्न सृष्टि का लेखा-जोखा रखने वाले न्यायाधीशों के नयायाधीश भगवान चित्रगुप्त की पूजा-अर्चना मंदिर के पुजारी पण्डित राजेन्द्र प्रसाद द्वारा संपन्न कराई गई। कार्यक्रम में एबीसीकेएम की महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती किरण श्रीवास्तव, समाजसेवी विभा श्रीवास्तव और समाज कल्याण फेडरेशन ऑफ इंडिया की राष्ट्रीय सचिव श्रीमती नीलम श्रीवास्तव भी उपस्थित रहीं।

भगवान चित्रगुप्त पूजा महोत्सव में गाजियाबाद के साथ-साथ दिल्ली-एनसीआर के कायस्थों ने भी शिरकत की। प्रसाद के लिए भंडारे का आयोजन किया गया।गाजियाबाद के दिव्यांग कुलदीप सक्सेना को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सुनील कुमार श्रीवास्तव, राधेश्याम त्यागी, अतुल कुमार श्रीवास्तव, विजय प्रकाश श्रीवास्तव, मनोज कुमार श्रीवास्तव, अभिषेक, आयुष, अनुज कुमार श्रीवास्तव, खुशी, अभिषेक श्रीवास्तव, शारदा, अनीता, विमला, श्वेता, सीमा, करिश्मा, सुमन, सरिता, किरन, रेनू, दीपिका, रानी, सुमित्रा, गगन, गौरव, रोशन, टीना, अदित्य, श्रुति, हेमा, गरिमा, संजय, वेद, थाना पिंक (महिला) विजयनगर का स्टाफ, समाजसेवी व गणमान्य उपस्थित रहे।

# केंद्रीय मंत्री वीके सिंह ने लिया बचाव कार्य का जायजा, बोले- रेस्क्यू ऑपरेशन सफल होगा

**टीबीसी नेटवर्क**

**उत्तरकाशी।** उत्तरकाशी सुरंग ढहने की घटना में राहत और बचाव अभियान जारी है। केंद्रीय मंत्री और पूर्व सेना प्रमुख जनरल वीके सिंह ने गुरुवार को ऑपरेशन का जायजा लिया और कहा कि ₹हम अपनी तरफ से पूरी कोशिश कर रहे हैं।₹ सुरंग का एक हिस्सा टूटने और मलबा गिरने से 40 मजदूर अंदर फंसे हुए हैं। सिंह ने कहा कि हमारी प्राथमिकता है कि (फंसे हुए) लोग सुरक्षित रहें और उन्हें जल्द से जल्द बाहर निकाला जाए और उसके लिए हर तरह के प्रयास किए जा रहे हैं। हमारी कोशिश है कि ये कार्य (बचाव कार्य) 2-3 दिन में पूरा हो जाए।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सभी एक्सपर्ट से



बातचीत करके हमारा पूरा प्रयास है कि मजदूरों को जल्द से जल्द बाहर निकाला जाए। उनसे मेरी बात हुई है...हम सब तरह के विकल्प देख रहे हैं...रेस्क्यू ऑपरेशन सफल होगा। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य सचिवालय में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उत्तरकाशी सुरंग दुर्घटना के बाद सुरंग में फंसे 40 मजदूरों को निकालने के लिए चल रहे राहत और बचाव कार्य की समीक्षा बैठक की। धामी ने कहा कि मशीन इंस्टॉल हो गई है और वहां काम शुरू हो गया है...सभी एक-दूसरे के समन्वय के साथ काम कर रहे हैं। स्थिति थोड़ी कठिन है...सभी लोगों से लगातार संपर्क हो रहा है और उनके लिए सभी व्यवस्थाएं की जा रही हैं। सभी लोग सुरक्षित हैं।

ब्रह्मखाल-यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर सिल्क्यारा और डंडालगांव के बीच एक निमार्णाधीन सुरंग 12 नवंबर की सुबह ढह गई। सूत्रों के मुताबिक रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद मजदूरों को इलाज के लिए ऋषिकेश एम्स ले जाया जाएगा।

# सेहत/स्वास्थ्य: मधुमेह के खतरे को बढ़ा रही हैं ये चीजें

**एकता**

हाल के दशकों में, मधुमेह एक गंभीर बीमारी बनकर उभरी है। आज के समय से छोटे-छोटे बच्चे भी इस बीमारी की चपेट में आते जा रहे हैं। बीमारी की गंभीरता को देखते हुए हर साल 14 नवंबर को विश्व मधुमेह दिवस मनाया जाता है। इस दिन लोगों को मधुमेह की रोकथाम और प्रबंधन के बारे में जागरूक किया जाता है। इस साल विश्व मधुमेह दिवस का विषय 'मधुमेह देखभाल तक पहुंच' रखा गया है। ऐसे में चलिए आपको कुछ खाद्य पदार्थों के बारे में बताते हैं, जो चोरी-चोरी आपके शरीर में टाइप-2 मधुमेह के विकास के जोखिम को बढ़ा रहे हैं।




**मिठास से भरी पीने की चीजें-** सोडा और फलों के रस में बहुत अधिक चीनी की मिलावट होती है। इसलिए इन चीजों का नियमित सेवन करने से टाइप-2 मधुमेह का खतरा बढ़ जाता है। सोडा और फलों के रस की जगह नारियल पानी, बिना चीनी वाली चाय या फलों के ताजा रस का सेवन करें। इससे मधुमेह का जोखिम काम होगा।

**सफेद ब्रेड जैसी चीजें-** मैदा और परिष्कृत अनाज से बने खाद्य पदार्थों में उच्च ग्लाइसेमिक इंडेक्स होता है। ये खून में शर्करा के स्तर को बढ़ाता है, जो मधुमेह का कारण बन सकता है। इसलिए इन चीजों का कम से कम सेवन करें। आप चाहें तो इन चीजों को ब्राउन राइस, क्विनोआ या साबुत अनाज वाली ब्रेड से बदल सकते हैं।

**प्रोसेस्ड मीट-** बेकन, सॉसेज और डेली मीट को लंबे समय तक ताजा रखने के लिए इनमें केमिकल और प्रीजरवेटिव मिलाए जाते हैं। ये केमिकल और प्रीजरवेटिव मधुमेह के खतरे को बढ़ाने में योगदान देते हैं। इसलिए डब्बा या पैकेट में बंद मीट का सेवन करने से परहेज करें और इसकी जगह ताजा मीट का सेवन करें।

*इस साल विश्व मधुमेह दिवस का विषय 'मधुमेह देखभाल तक पहुंच' रखा गया है। ऐसे में चलिए आपको कुछ खाद्य पदार्थों के बारे में बताते हैं, जो चोरी-चोरी आपके शरीर में टाइप-2 मधुमेह के विकास के जोखिम को बढ़ा रहे हैं।*




**आलू के चिप्स जैसी चीजें-** आलू के चिप्स और फ्रेंच फ्राइज जैसी चीजें खाने में बड़ी स्वस्दिष्ट लगती हैं, लेकिन आपको जानकर हैरानी होगी कि टाइप-2 मधुमेह के खतरे को बढ़ाने में इन दोनों चीजों का बड़ा योगदान है। ये दोनों चीजें खराब तेलों में तली जाती है। इसलिए इनका लगातार सेवन करने से मधुमेह होने का खतरा बढ़ जाता है।

# भूख लगने पर जरूर बनाकर खाएं एवोकाडो की रेसिपीज



**अनन्या मिश्रा**

अक्सर हम सभी को अपनी डाइट में अधिक से अधिक फल-सब्जियों आदि को शामिल करने की सलाह दी जाती है। जिसके की हमारे शरीर को सभी जरूरी पोषक तत्व मिलते रहें। बता दें कि फल और सब्जियों में कई तरह के पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो हमारी सेहत पर अच्छा असर डालते हैं। लेकिन अक्सर बच्चे हरी सब्जियों व फलों से दूर भागते हैं। वहीं एवोकाडो के फायदे तो हम सभी जानते हैं। ऐसे में अगर आप एवोकाडो की टेस्टी रेसिपी बच्चों को बनाकर खिलाएंगी तो वह आसानी से इसे खाएंगे। बल्कि हल्की भूख होने पर भी इन्हें खाया जा सकता है। एवोकाडो रेसिपी बनाने में बड़ी आसान है और अगर आप एवोकाडो की यह रेसिपीज बच्चों को बनाकर खिलाएंगी तो यह उन्हें भी बेहद पसंद आएगी। आज इस आर्टिकल के जरिए आपको एवोकाडो की कुछ आसान रेसिपीज के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनको आप आसानी से बनाकर तैयार कर सकती हैं।



## एवोकाडो सैंडविच

एवोकाडो सैंडविच बनाने के लिए क्रोइसैन को बराबर हिस्सों में काट लें और फिर मक्खन फैलाएं। इसके एवोकाडो को मैश कर लें। अब एवोकाडो का गूदा लें और इसमें काली मिर्च, नमक और लाल मिर्च को अच्छे से मिलाएं। फिर एवोकाडो के मिश्रण को दोनों हिस्सों पर फैलाएं और इस पर सब्जियां यानी की पालक के पत्ते और तोरी के स्लाइस रखें। फिर बीच काली मिर्च और नमक के साथ पनीर स्टेक को ग्रिल करें। आखिरी में एक-दूसरे पर परत डाल दें। 5 मिनट तक बेक करने के बाद इस आसान तरीके से एवोकाडो सैंडविच बनकर तैयार हो जाएगा।

## एवोकाडो फ्लैक्ससीड स्मूदी

एवोकाडो फ्लैक्ससीड स्मूदी बनाने के लिए सबसे पहले एवोकाडो और सेब को अच्छे से धो लें। इसके बाद आधे सेब को छिलका समेत टुकड़ों में काट लें। वहीं एवोकाडो को भी अच्छे से छील लें। फिर दूध, सेब, एवोकाडो और फ्लैक्ससीड्स सभी चीजों को मिलाकर ब्लेंडर में अच्छे से पीस लें। इस तरह से एप्पल एवोकाडो फ्लैक्ससीड स्मूथी तैयार है।

## एग और एवोकाडो सलाद

एग और एवोकाडो सलाद बनाने के लिए एक बड़े बाउल में एवोकाडो, खीरा, लाल प्याज, टमाटर, अंडे, जैलपीनो, स्प्रिंग अनियन और धनिया को डालें। फिर कांच के जार में नींबू का रस, डिजॉन मस्टर्ड, शहद, लहसुन, नमक, ड्रेसिंग की सामग्री जैतून का तेल और काली मिर्च डालें। इन सभी चीजों को अच्छे से मिक्स करने के बाद ड्रेसिंग को सलाद पर डालें और उसे अच्छे से कोट करने के लिए टॉस करें। फिर स्वादानुसार उसमें नमक, काली मिर्च पाउडर डालकर मिक्स कर लें।

## क्रीमी ग्रीन एवोकाडो पास्ता रेसिपी

आजकल रेस्टोरेंट में ग्रीन सॉस पास्ता भी काफी मिलता है। वहीं अमेरिकन या यूरोपियन देशों के रेस्टोरेंट आदि में बेहद डेलिशियस क्रीमी ग्रीन एवोकाडो पास्ता मिलता है। लेकिन बता दें कि इस डिश को आप आसानी से घर पर भी बनाकर तैयार कर सकती हैं। इसके लिए 1 कप पास्ता उबालकर रख लें। फिर 8-10 पालक के पत्ते, 8-10 कली लहसुन और 2 बड़े अच्छे पके हुए एवोकाडो को अच्छे से पीस लें। अब उबले हुए पास्ता में क्रीमी ग्रीन एवोकाडो सॉस मिलाएं और फिर ऊपर से ग्रेनेट चीज, सॉल्ट, काली मिर्च पाउडर और पास्ता हर्ब या सीजनिंग डाल दें।

# फैशन: दुल्हन के लिबास में दिखना है सबसे खूबसूरत

**अनन्या मिश्रा**



इन दिनों शादियों का सीजन शुरू हो चुका है। शादी के सीजन में हर तरफ शहनाइयों की गूंज सुनने को मिलती है। हांलाकि शादी में जो सबसे ज्यादा डिमांड में रहती है, वह है ब्राइडल यानी की दुल्हन। हर दुल्हन महीनों पहले से शादी की तैयारियां करना शुरू कर देती हैं। क्योंकि शादी के दिन दुल्हन का खास और सबसे खूबसूरत दिखना लाजमी होता है।

वहीं हर लड़की अपनी शादी से पहले फैशन और लुक्स को लेकर काफी एक्साइटेड होती है। तो कुछ लड़कियां लुक्स से लेकर लहंगे और मेकअप टिप्स इंटरनेट पर ढूंढती हैं। ऐसे में अगर आपकी भी शादी होने वाली है, तो हम आपको बताने जा रहे हैं कि शादी के सीजन में यह ब्राइडल लुक ट्रेंड में हैं।

## लहंगे को लेकर न हो कन्फ्यूज

ब्राइडल लुक के लिए सबसे पहले अपने आउटफिट का खास ख्याल रखें। अगर आप ब्राइडल लहंगे में देसी टच देना चाहती हैं, तो आप गोल्डन या रेड कलर का लहंगा चुन सकती हैं। अपनी शादी में स्टाइलिश लुक पाने के लिए आप अनारकली डीप लहंगा भी ले सकती हैं। क्योंकि अनारकली डीप लहंगे में जरी वर्क आपकी खूबसूरती को निखारने में मदद कर सकती है। वहीं इसके अलावा आप मैजेंटा, नियॉन, पिंक या ब्लश पिंक कलर को चुन सकती हैं।

## लहंगे को दे सकती हैं अलग लुक

अगर आप अपनी शादी पर ट्रेडिशनल ब्राइडल लहंगा कैरी करने वाली हैं और उसको मॉडर्न लुक देना चाहती हैं। तो लहंगे के साथ आप बेल्ट भी कैरी कर सकती हैं। दुपट्टे को बेल्ट टाइट रखेगी और आपके लुक को स्टाइलिश बनाने का काम करेगी। बता दें कि आप जरी वर्क वाली फैब्रिक बेल्ट या ज्वेलरी बेल्ट कैरी कर सकती हैं। इन दिनों वेलवेट ब्राइडल लहंगा भी काफी ट्रेंड में हैं। जो आपको रॉयल और क्लासी लुक देने का काम करेगा।

## ऐसी रखें ज्वेलरी

शादी से पहले होने वाली दुल्हन में चूड़ा को लेकर अलग ही क्रेज होता है। आप चाहे तो लहंगे से अलग कलर का चूड़ा भी कैरी कर सकती हैं। आप गोल्डन चूड़ा, बॉटल ग्रीन चूड़ा सेट और आइवरी व्हाइट चूड़ा आजकल डिमांड में है। इसके अलावा आप फ्लोरल ज्वेलरी भी कैरी कर सकती हैं। यह आपके लुक को निखारने में मदद कर सकता है। इन दिनों हल्दी और मेंहदी के लिए फ्लोरल ज्वेलरी भी काफी ज्यादा डिमांड में है।

## मिनिमल रखें मेकअप

बता दें कि मिनिमल मेकअप आपकी खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम करेगा। इसलिए स्किन टोन के अनुसार मेकअप करें। इसके साथ स्मोकी आईज में आपका लुक निखर कर आ सकता है। इसके साथ ही आउटफिट्स से ट्विन करते हुए लिपस्टिक का कलर भी चुन सकती हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### आयुर्वेद दिवस पर निकाली रैली, किया जागरूक

पिलखुवा। राष्ट्रीय राजमार्ग–9 पर स्थित डीएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में छात्र छात्राओं ने अष्टम आयुर्वेद दिवस के अवसर पर हर दिन हर आयुर्वेद के अंतर्गत रैली निकाली और आयुर्वेद के बारे में जानकारी देकर लोगो को आयुर्वेद के प्रति जागरूक किया। इस मौके पर कॉलेज के चैयरमैन डॉ0 देवेंद्र सिंह, प्रिंसिपल घनश्याम,मैनेजर डॉ0 रविंद्र कुमार,एडमिन ऑफिसर योगेश कुमार और एचआर महेश तिवारी के अलावा समस्त टीचर व स्टाफ एवं छात्र छात्राएं आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए।

### आयुर्वेद दिवसः डॉ0 शुभम गर्ग ने कंबोडिया में भारतीय दूतावास को किया सम्बोधित

पिलखुवा। कंबोडिया की राजधानी नोम पेन्ह में 8वां आयुर्वेद दिवस आयोजित किया गया जहां जी.एस. आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल पिलखुआ के एसोसिएट प्रोफेसर,डॉ0 षुभम गर्ग द्वारा एक उल्लेखनिय कार्यक्रम की मेजबानी की गई जो वीसी के माध्यम से संपन्न कराया गया था जिसमें आयुर्वेद के प्रोमोषन एवं एप्रिषियेसन को चिन्हित किया गया था। डॉ. शुभम गर्ग ने विविध दर्शकों को संबोधित किया, जिसमें राजनयिक,नेशनल सेंटर फॉर ट्रेडिशनल मेडिसिन,कंबोडिया के अधिकारी,हेल्थकेयर पेशेवर और कंबोड से आयुर्वेद के उत्साही सदस्य शामिल हुए। उन्होंने स्वास्थ्य देखभाल के लिए आयुर्वेद के व्यक्तिगत दृष्टिकोण के महत्व पर प्रकाश डाला, जहां व्यक्तिगत उपचार समाधानों के लिए प्रत्येक व्यक्ति के अद्वितीय संविधान और जरूरतों पर विचार किया जाता है। कार्यक्रम एक प्रश्नोत्तर सत्र के साथ संपन्न हुआ जहां डॉ0 सेनिया जसरोटिया,द्वितिय सचिव कल्चर, भारतीय दूतावास भी उपस्थित रहीं।

### बाइक फिसलने से पिता की मौत पुत्र घायल

पिलखुवा। बाइक फिसलने के कारण गंभीर रूप से घायल हुए पिता व पुत्र को पुलिस ने नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया जहाँ पिता को मृत घोषित कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक लोनी निवासी जय भगवान अपने पिता गणेशी के साथ बाइक पर सवार होकर गढ़मुक्तेश्वर गंगा जी पर जा रहे थे। बताया जाता है कि जैसे ही जयभगवान की बाइक सरस्वती मेडिकल कॉलेज के सामने पहुँची तो अचानक उनकी बाइक फिसल गई। बाइक फिसलने से पिता और पुत्र दोनो गंभीर रूप से घयाल हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुँची पुलिस ने राहगीरों की मदद से घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया जहाँ पिता गणेशी को चिकित्सको ने मर्त4 घोषित कर दिया। थाना प्रभारी निरक्षक सुमन कुमार सिंह ने बताया कि बाइक फिसलने से घायल हुए पिता पुत्र का उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहाँ पिता गणेशी को मृत घोषित कर दिया गया। वही मृतक के परिजनों को सूचित कर दिया गया है।

### संस्कृति सप्ताहः प्रथम दिन पर्यावरण शुद्धि यज्ञ एवं गोवर्धन पूजा का आयोजन

पिलखुवा। भारत विकास परिषद विकास रत्न शाखा पिलखुवा द्वारा मंगलवार को संस्कृति सप्ताह के शुभारंभ पर गौसेवा एवं पर्यावरण शुद्धि के लिए यज्ञ एवं गोवर्धन पूजा का आयोजन लाला प्रेमशंकर पंचायती गौशाला सिखेड़ा रोड पर किया गया जिसमें मुख्य यजमान के रूप मे राजेश गोयल एवं निशिकांत माहेश्वरी सपरिवार उपस्थित रहे। एवं मुख्य अतिथि जितेंद्र कुमार शर्मा पुलिस क्षेत्राधिकारी पिलखुवा, सुमन कुमार सिंह कोतवाली प्रभारी पिलखुआ व परिषद परिवार के सदस्यों द्वारा पर्यावरण शुद्धि के लिए यज्ञ में आहुति दी गई। कार्यक्रम में कृष्ण कुमार गोयल,लक्ष्मी नारायण गोयल,राकेश कुमार गुप्ता,धनेश अग्रवाल,विपिन अग्रवाल,वागीश दिनकर,पवन मांगलिक,राजीव गोयल, ज्ञान प्रकाश अग्रवाल,संजीव कुमार गर्ग,राकेश सिंघल,विशन दयाल गोयल,सुभाष गोयल,पंकज गोयल,हरीश गोयल,सुशील सिंघल,दिनेश बंसल, अशोक कुमार कंसल,सतीश गोयल,अभिषेक अग्रवाल,अंकित मित्तल,विनय सिंघल,शैफाली गुप्ता, लक्ष्मी मित्तल,आभा शर्मा,रेखा गोयल,सुषमा बंसल एवं समस्त परिषद परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

### नगर में जगह जगह भंडारों का आयोजन

हापुड़। पिलखुवा। श्री गोवर्धन पर्व के उपलक्ष्य में नगर पिलखुवा के अनेक स्थानों पर भंडारे का आयोजन किया गया तो वही बाजारों में भी अच्छी खासी चहल पहल देखने को मिली। इसी कड़ी में श्री बाल कृष्ण सेवा समिति के द्वारा श्री गोवर्धन पर्व के अवसर पर 12वां विशाल भंडारा व कीर्तन का आयोजन किया गया। इस मौके पर अखिलेश मित्तल,महेंद्र चीनी वाले,जतिन गोयल,मुदित सिंघल,लकी चौहान,धर्मेंद्र चौहान,प्रशांत शर्मा,तुषार गुप्ता,विपुल अग्रवाल,अंकित शर्मा,सचिन के अलावा अनेक गणमान्य लोगो ने प्रसाद वितरित किया।

### बाल दिवसः नवोदय समिति ने कराया गेम शो कार्यक्रम

पिलखुवा। नगर के मोहल्ला मंडी स्थित समिति कार्यालय में बाल दिवस पर बच्चों को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से नवोदय युवा समिति द्वारा गेम शो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने बड़ी उत्साह के साथ भाग लेकर पुरस्कार प्राप्त किए। नवोदय समिति के राजेन्द्र राठी ने बताया कि आयोजित गेम शो कार्यक्रम में निशाने लगाना,गुब्बारे फूलना,रस्सी कूद,तीर कमान चलाना आदि खेलों में भाग लेकर अनमोल,लकी कुमार,निश्चित,अवनी ,पलक,विशाल,इशिका आदि ने पुरस्कार प्राप्त किये। वही शिक्षिका निकिता सिंह ने कहा कि इस तरह के आयोजनो से बच्चों का उत्साह वर्धन होता है और उनकी झिझक दूर होती है।

### गढ़ मेला के मद्देनजर आबकारी विभाग अलर्ट, 40 कच्ची शराब बरामद

हापुड़। आबकारी विभाग द्वारा थाना गढ़मुक्तेश्वर व अमरोहा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा गढ़ मेला के मद्देनजर गढ़मुक्तेश्वर, हापुड व गजरौला,अमरोहा से लगे गाँव फरीदपुर, एहतमाली, लठीरा थाना गजरौला में अचानक दबिश दी गई। दबिश के दौरान अवैध मदिरा के संदिग्ध स्थानों की सघन तलाशी की गई। जिला आबकारी अधिकारी हापुड़ प्रकाश सिंह के नेतृत्व मे प्रियंका गुप्ता आबकारी निरीक्षक क्षेत्र–2 गढ़मुक्तेश्वर, रवि गुप्ता आबकारी निरीक्षक धनौरा, अमरोहा मय स्टाफ के साथ तलाशी के दौरान गाँव फरीदपुर एहतमाली में अभियुक्तों के कब्जे से 40 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई। लगभग 500 किलों लहन मोके पर नष्ट किया गया। अमरोहा के स्टाफ द्वारा 2 अभियुक्तो के विरुद्ध थाना गजरौला में सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराया गया। ज़िला आबकारी अधिकारी हापुड़ प्रकाश सिंह ने बताया कि अवैध शराब की रोकथाम व वैध शराब कि बिक्री हेतु व आगामी त्योहारों के मध्य नजर इस प्रकार की कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

# राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत होगा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन : सीएमओ



#### 1063 क्षय रोगी ठीक हुए : डीटीओ

डीटीओ डा. राजेश सिंह ने बताया – वर्ष 2023 में अब तक जिला क्षय रोग विभाग ने 2335 और निजी चिकित्सकों ने 855 क्षय रोगियों का नोटिफिकेशन किया है। इनमें से 1063 रोगी टीबी मुक्त हो चुके हैं जबकि क्षय रोग विभाग द्वारा 1600 और निजी चिकित्सकों द्वारा वर्तमान में 527 का उपचार किया जा रहा है। उन्होंने बताया दो सप्ताह से अधिक खांसी या बुखार, रात में सोते समय पसीना आना, सीने में दर्द, भूख कम होना, वजन कम होना या थकान रहना टीबी के लक्षण हो सकते हैं। इनमें से कोई लक्षण आने पर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर टीबी की जांच कराएं। जल्दी जांच और उपचार से ही टीबी का फैलाव रोका जा सकता है।

**टीबीसी ब्यूरो**

**हापुड़।** टीबी मुक्त भारत अभियान का लक्ष्य हासिल करने के लिए राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत गतिविधियों को विस्तार देने का सिलसिला लगातार जारी है। दरअसल टीबी मुक्त भारत का लक्ष्य सामूहिक भागीदारी के साथ इस अभियान को जनांदोलन में तब्दील कर ही हासिल किया जा सकता है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डा. सुनील कुमार त्यागी ने बताया - इसी क्रम में 20 नवंबर से 31 दिसंबर तक सूबे के हर जनपद में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करने के निर्देश राज्य क्षय नियंत्रण कार्यक्रम अधिकारी की ओर से दिए गए हैं। सीएमओ डा. त्यागी ने बताया शासन से मिले दिशा निदेशों के क्रम एक ओर जहां 23 नवंबर से पांच दिसंबर तक एक्टिव केस फाइंडिंग (एसीएफ) अभियान चलाया जाएगा, वहीं 20 नवंबर से 31 दिसंबर के बीच टीबी के प्रति संवेदीकरण बढ़ाने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

जिला क्षय रोग अधिकारी डा. राजेश सिंह ने बताया एसीएफ के लिए माइक्रो प्लान तैयार किया गया है। पहले दो दिन (23-24 नवंबर) को आवासीय परिसरों (वृद्धाश्रम, अनाथालय और छात्रावासों आदि में) अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, उसके बाद 25 नवंबर से पांच दिसंबर तक टीम घर-घर जाकर क्षय रोगियों को खोजेंगी। जिला पीपीएम समन्वयक सुशील चौधरी ने बताया एसीएफ के दौरान क्षय रोग विभाग की टीम लोगों को क्षय रोग के लक्षण और उपचार के बारे में जानकारी देने के साथ ही लक्षण युक्त व्यक्तियों के स्पुटम (बलगम) का नमूना लेंगी। स्पुटम जांच में टीबी की पुष्टि होने पर रोगी को 48 घंटे में उपचार पर लाने के साथ ही निकट संपर्कियों की जांच कराने की व्यवस्था करेंगी।

# देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की जयंती मनाई

**टीबीसी ब्यूरो**

**हापुड़।** मंगलवार को कांग्रेस जनों ने अतरपुरा चौराहा स्थित नेहरू प्रतिमा पर आजाद भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की जयंती मनाई। इस दौरान कांग्रेस जनों ने नेहरू जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की और उन्हें याद किया। सेवादल के जिलाध्यक्ष अंकित शर्मा ने पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू को याद करते हुए कहा कि पंडित नेहरू ने भारत को युद्ध में भाग लेने के लिए मजबूर करने का विरोध करते हुए व्यक्तिगत सत्याग्रह किया, जिसके कारण 31 अक्टूबर 1940 को उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। उन्हें दिसंबर 1941 में अन्य नेताओं के साथ जेल से मुक्त कर दिया गया। 7 अगस्त 1942 को मुंबई में हुई अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की बैठक में पंडित नेहरू ने ऐतिहासिक संकल्प 'भारत छोड़ो' को कार्यान्वित करने का लक्ष्य निर्धारित किया। पीसीसी सदस्य और वरिष्ठ कांग्रेसी अरविंद शर्मा ने कहा कि देश की आजादी



और स्वतंत्र भारत के इतिहास में नेहरू जी का योगदान अतुलनीय हैं। राष्ट्र हित में नेहरू जी के किए कामों का हमेशा देश में याद किया जाएगा। देश का हर नागरिक आज नेहरू जी की जयंती को 'बाल दिवस' के रूप में मना रहा हैं।

इस दौरान आदि पूर्व शहर अध्यक्ष दिनेश चंद शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष जकारिया मनसबी, वाई के शर्मा, सीमा शर्मा, डॉक्टर वीसी शर्मा, जस्सा सिंह, विक्की शर्मा, गौरव गर्ग, यशपाल सिंह ढिलौर, अब्दुल कलाम, गुलफाम कुरैशी, सविता गौतम, डॉक्टर आशाराम शर्मा, रघुवर गौतम, धर्मेंद्र कश्यप, आई सी शर्मा, विवेक शर्मा, हृदय प्रकाश, राहुल शर्मा, सुबोध शास्त्री लोग मौजूद रहे।

# प्रशिक्षण लेकर 40 महिलाएं बनी आत्मनिर्भर, सर्टिफिकेट पाकर खिले महिलाओं के चेहरे

## बाल दिवस मना खुशी से झूम उठे बच्चे, सौ बच्चों को पुरस्कार देकर किया गया सम्मानित

**टीबीसी ब्यूरो**

**बागपत।** जनपद मुख्यालय स्थित गौरीपुर निवाड़ा में निकोदमस ट्रस्ट के तत्वाधान में बाल दिवस बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया।इस मौके पर करीब 100 बच्चों को सम्मानित किया भी किया गया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। वहीं 40 महिलाओं को जो सिलाई कढ़ाई बुनाई का प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी है उन्हें सर्टिफिकेट दिए गए महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए यह संस्था लगातार महिलाओं को सिलाई की ट्रेनिंग दे रही हैट्रस्ट के अध्यक्ष सुशील कुमार त्यागी ने बताया कि उनकी संस्था करीब पिछले 12 वर्षों से बागपत के गोरीपुर निवाडा गांव में स्थापित है और यहां रहकर बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास के लिए योगदान देती है वहीं बाल दिवस के मौके पर उन्होंने उनकी संस्था द्वारा महिलाओं को सर्टिफिकेट दिए गए हैं इन 40 महिलाओं की 6 माह की सिलाई केंद्र पर ट्रेनिंग पूरी हो गई है अब यह आत्मनिर्भर बनकर अपने परिवार





का पालन पोषण आराम से कर सकेंगी, यह संस्था इसी कार्य को आगे बढ़ाएगी और आने वाले समय में युवाओं को भी स्किल डेवलप के माध्यम से रोजगार देने का काम करेगी फिलहाल बच्चे उपहार और महिलाएं सर्टिफिकेट पाने के बाद काफी प्रसन्न नजर आए।

# आरएचएएम फाउण्डेशन ने रोटरी क्लब सनरेजस, गाजियाबाद नार्थ सेंट्रल, दिल्ली ईस्ट एण्ड, इन्दिरापुरम गैलोर एवं गाजियाबाद सेफरोन तथा गाजियाबाद भार्गव समाज समिति के सहयोग से 1501 दीप जलाकर मनाई दीपावली



**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद। दीपावली के पर्व पर लोकल फॉर वोकल का संदेश देते हुए आरएचएएम फाउण्डेशन ने रोटरी क्लब सनरेजस, गाजियाबाद नार्थ सेंट्रल, दिल्ली ईस्ट एण्ड, इन्दिरापुरम गैलोर एवं गाजियाबाद सेफरोन तथा गाजियाबाद भार्गव समाज समिति के सहयोग से परमानन्द पार्क में 1501 दीप जलाकर दीपावली का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर आरएचएएम फाउण्डेशन के चेयरमैन डॉ. धीरज कुमार भार्गव ने कहा कि हमें पर्यावरण को स्वच्छ एवं सुंदर बनाना है और इसी कारण पटाखों के बजाय दीपक जलाकर दीपावली का पर्व मनायें।उन्होंने सभी देशवासियों को कम से कम पटाखे फोड़ने की भी अपील की, जिससे पर्यावरण में प्रदूषण की मात्रा ना बढे।

इस अवसर पर चीफ गेस्ट पार्षद हिमांशु चैधरी ने कहा कि हम सभी को इस तरह के कार्यक्रम में बढ़चढ़कर भाग लेना चाहिए और लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना चाहिए। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में तिरूपति बालाजी मार्केटिंग एण्ड एडवरटाईजिंग का विशेष सहयोग रहा।

इस अवसर पर डॉ प्रेम माहेश्वरी, संजय रोहिला, रितु रोहिला, निशा माहेश्वरी, उत्सव माहेश्वरी, श्रेय पसारी, कुनिका पसारी, रितु पसारी, अतुल भार्गव, अखिल भार्गव, मनीषा भार्गव, कोमल भार्गव, प्रतीक भार्गव व पार्क के माली पुकार का सहयोग रहा।

Printed and Published by Dheeraj Kumar Bhargava at B.F.L Inrotech Ltd, C-9, Sector-3 Noida, Distt. Gautam Budh Nagar and Published at 282, Sarai Nazar Ali, behind MMG Hospital Ghaziabad (U.P.) 201 001. **Editor:** Dheeraj Kumar, **Resident Editor:** Manisha Bhargava** **Email:** editor@tbam.co.in **RNI. No:** UPBIL/2009/28691, **Postal Registration No.** UP/GBD80/2016-18, **Advertisement :** Ph. No.: 0120-2850800, 2850297, **Fax :** 0120-4561000. **Add:** Plot No- 516, Sector- 12, Friends Co-operative Society, Vasundhra, Ghaziabad (U.P.)** Responsible for selection of News under the PRB Act. Repro- duction in any manner, electronic or otherwise in whole or in post without prior written permission is prohibited.